राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

प्रतापराव जाधव
PRATAPRAO JADHAV



सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत काल

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
आयुष मंत्रालय
व
राज्य मंत्री
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार
MINISTER OF STATE
(INDEPENDENT CHARGE) OF
MINISTRY OF AYUSH AND
MINISTER OF STATE OF
MINISTRY OF HEALTH & FAMILY WELFARE
GOVERNMENT OF INDIA

## संदेश

प्रिय साथियो,

हिंदी दिवस के पावन अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। हिंदी हमारी सांस्कृतिक चेतना, लोकजीवन और राष्ट्रीय एकात्मता की सशक्त संवाहक है। भारत की बहुभाषिक परंपरा के मध्य हिंदी ने संपर्क, संवाद और समन्वय का सेतु बनकर देश की एकता को सुदृढ़ किया है।

हिंदी की विकास-यात्रा आज राष्ट्रीय सीमाओं से आगे बढ़कर वैश्विक पटल पर अपनी विशिष्ट पहचान बना रही है। साहित्य, सिनेमा, पत्रकारिता, शिक्षा, व्यापार तथा डिजिटल माध्यमों में हिंदी का प्रभाव निरंतर विस्तृत हो रहा है। विश्व के अनेक देशों में हिंदी का अध्ययन, अध्यापन और प्रयोग इसकी बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है। आवश्यकता है कि हिंदी को आधुनिक ज्ञान-विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार की सक्षम भाषा के रूप में निरंतर समृद्ध किया जाए।'

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 से 351, राजभाषा अधिनियम, 1963 तथा राजभाषा नियम, 1976 के आलोक में राजभाषा हिंदी का प्रगामी प्रयोग हमारा दायित्व है। अतः शासकीय कार्यों में हिंदी को ज्यादा से ज्यादा अपनाना हमारा सामूहिक संकल्प होना चाहिए।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी कहते हैं हिन्दी को एक सक्षम और समर्थ भाषा बनाने में अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई है और उसी का परिणाम है कि वैश्विक मंच पर हिन्दी लगातार अपनी मजबूत पहचान बना रही है। आइए, हिंदी को समयानुकूल, सक्षम और विश्वव्यापी बनाने में अपना सार्थक योगदान दें।

हिंदी दिवस की पुनः हार्दिक मंगलकामनाएँ।

(प्रतापराव जाधव)

**Office:** 12042, 'A' Wing, Kartavya Bhavan-1, New Delhi-110001
Tele.: 011-24013380, Telefax: 011-24013380, E-mail: mos-health@gov.in
**Residence:** 23, Ashoka Road, New Delhi-110001, Tele.: 011-23740412, 23740413, 23345478
**Camp office:** Khasdar Jansampark Karyalay, Jijamata Krida Sankul, Buldhana, Maharashtra-443001
Telefax: 07262-247777, E-mail: prataprao.jadhav@sansad.nic.in